## प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **30-08-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1-देहज के लिये महिला को प्रताड़ित कर,हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना भोजपुरः**

अवगत कराना है दिनांक 29.08.2025 को वादी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ने अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री को दहेज के लिये प्रताड़ित करने व पति द्वारा हत्या कर देने आदि के संबंध मे थाना भोजपुर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0-372/2025 धारा-85/115(2)80(2) भारतीय न्याय संहिता (बी.एन.एस.) व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आजि दिनांक 30.08.2025 को उ0नि0 श्री शराफत हुसैन थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी आबिद पुत्र कलुआ निवासी ग्राम महमूदपुर तिगरी थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया।




**गिरफ्तार आरोपीः-**

आबिद पुत्र कलुआ निवासी ग्राम महमूदपुर तिगरी थाना भोजपुर जिला मुरादाबाद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

उ0नि0 श्री शराफत हुसैन थाना भोजपुर,मुरादाबाद।
का0 राहुल कुमार थाना भोजपुर,मुरादाबाद।
का0 अनुज कुमार थाना भोजपुर,मुरादाबाद।

**2-घर में घुसकर चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार,थाना बिलारीः-**

अवगत कराना है दिनांक 29.08.2025 को वादी जनाबे आलिम पुत्र श्री मौ0 हुसैन निवासी मौ0 अब्दुल्ला कस्बा थाना बिलारी,मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादी के घर में घुसकर ताला तोड़कर अलमारी में रखे काले रंग के छोटे बैग जिसमें, चांदी की एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी हाथफूल, 4 अंगूठी चांदी की, एक चैन चांदी की, 2 जोड़ी बिछिया, वादी व वादी की पत्नी का आधार कार्ड आदि घरेलू सामान चोरी कर ले जाने के संबंध मे तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना बिलारी पर मु0अ0सं0-393/2025 धारा-331(4)/ 305(a) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आरोपी इरशाद पुत्र सलाम निवासी मौ0 अब्दुल्ला कस्बा थाना बिलारी,मुरादाबाद को गिरफ्तार कर,कब्जे से चोरी किये बैग से एक जोडी पायल (सफेद धातु) , एक जोडी हाथफूल (सफेद धातु) , दो जोडी बिछये (सफेद धातु), एक चैन (सफेद धातु), दो आधार कार्ड , 6100/- रूपये नकद बरामद किये गये। बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-317(2) बीएनएस पंजीकृत किये गये।



**गिरफ्तार आरोपीः-**

इरशाद पुत्र सलाम निवासी मौ0 अब्दुल्ला कस्बा थाना बिलारी,मुरादाबाद

**बरामदगीः-**

एक जोडी पायल (सफेद धातु) , एक जोडी हाथफूल (सफेद धातु) , दो जोडी बिछये (सफेद धातु), एक चैन (सफेद धातु), दो आधार कार्ड , 6100/- रूपये नकद

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**
उ0नि0 श्री अमित कुमार थाना बिलारी,मुरादाबाद।
का0 अरविन्द कुमार थाना बिलारी,मुरादाबाद।
का0 अमित कुमार थाना बिलारी,मुरादाबाद।

**3-जनपदीय पुलिस द्वारा 01 वारंटी तथा शांति व्यवस्था भंग करने में 10 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया ।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 01 वारंटी तथा 10 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया ।



**विवरण वारंटीः-**

**थाना ठाकुरद्वाराः-**
रंजीत पुत्र स्व0 बद्रीनाथ निवासी ग्राम महमूदपुर सिरसी मो0 बुद्ध बाजार थाना हजरतनगर गढी जनपद सम्भल सम्बन्धित मुकदमा न0-696/22 अ0स0 547/21 धारा – 498ए/323/504/506 भादवि व ¾ डीपी एक्ट

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**
**थाना मझोला-03,थाना कटघर-02, ,थाना बिलारी-03, थाना सोनकपुर-01,थाना कांठ-01**